i-NEXT PAGE 4

सूची 6 घंटे बाद जारी की गई

पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 26 नवंबर तक फीस का मौका

LUCKNOW(19 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची शनिवार शाम को वेबसाइट पर जारी की. इसे जारी करने में विश्वविद्यालय ने दोपहर 12 बजे का समय दिया था, लेकिन करीब छह घंटे बाद शाम को वेबसाइट पर अपलोड किया गया. इसको लेकर अभ्यर्थी इंतजार करते रहे. 26 नवंबर तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है.

कर रहे थे इंतजार

एलयू ने शुक्रवार को पार्ट टाइम पीएचडी के आठ विषयों में प्रवेश के लिए अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों के परिणाम जारी कर कहा था कि शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद अभ्यर्थी वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं, लेकिन यह सूची शाम छह बजे वेबसाइट पर जारी हो सकी. पार्ट टाइम पीएचडी के लिए एप्लाइड इकोनामिक्स विषय में पांच, बाटनी में तीन, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में तीन, कामर्स दो, साइकोलाजी एक और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में दो अभ्यर्थी दाखिले के लिए पात्र पाए गए हैं. ला और फिजिक्स के चयनित अभ्यर्थियों की सूची शाम सात बजे तक नहीं हो पाई. डीन एडमिशन प्रोफेसर वीके शर्मा का कहना है कि एजेंसी को सभी परिणाम का विवरण शुक्रवार को ही भेज दिया गया था. उन्हीं के स्तर से देरी हुई है. इसको दिखवाया जा रहा है.

विभाग में जमा करनी होगी फीस रसीद

डीन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सबसे पहले फीस जमा करनी होगी. फिर आवंटन पत्र की फोटो कापी और फीस रसीद संबंधित विभागाध्यक्ष के कार्यालय में जमा करनी होगी.

बीटेक की खाली सीटों पर एडमिशन का चांस

एलयू प्रशासन की ओर से 22 नवंबर को अभ्यर्थियों को बुलाया गया

LUCKNOW(19 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बीटेक प्रथम वर्ष में काउंसलिंग के बाद भी कुछ ब्रांच में सीटें खाली हैं. इन्हें भरने के लिए संस्थान ने एक और मौका देते हुए अभ्यर्थियों को 22 नवंबर को बुलाया है. डीन की ओर से इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया.

16 नवंबर को कराई गई थी स्पॉट काउंसिलिंग

इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि सीधे प्रवेश के लिए 16 नवंबर को स्पाट काउंसिलिंग आयोजित की गई थी. उसमें मैकेनिकल व एक अन्य ब्रांच में कुछ सीटें खाली रह गई हैं. इन्हें भरने के लिए एक मौका दिया गया है. इसके अलावा बी फार्मा (लेटरल एंट्री) में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए आ सकते हैं. अभ्यर्थियों को अपने अभिलेखों, फाइनेंस अफसर लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम से 66,080 रुपये का बैंक ड्राफ्ट लेकर आना होगा.

बीटेक लेटरल एंट्री की भर गई सीटें

शनिवार को बीटेक एवं बी फार्मा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग हुई. डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि बीटेक की बची हुई चारों सीटें भर गईं.

ब्रांच बदलने का मौका 22 को

लखनऊ यूनिवर्सिटी का इंजीनियरिंग संकाय अपने यहां पढ़ने वाले बीटेक तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ब्रांच बदलने का मौका देगा. इसके लिए 18 नवंबर तक आवेदन लिए जा चुके हैं. डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि प्रथम वर्ष के कुछ छात्रों ने अब तक फीस नहीं जमा की थी. इसलिए उन्हें सोमवार को जमा करने के लिए कहा है. 22 नवंबर को तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ब्रांच बदलने का अवसर दिया जाएगा. आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सुबह 9.30 बजे सेमिनार कक्ष में पहुंचना होगा.

विधि विश्वविद्यालय में शिक्षक घर से करेंगे मूल्यांकन

डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में मूल्यांकन की व्यवस्था बदल रही है. अब कुलपति ने केंद्रीय मूल्यांकन खत्म कर दिया है. पहले की तरह विश्वविद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर सकेंगे. यह बदलाव इस बार की चल रही परीक्षा के साथ किया जा रहा है. अभी तक केंद्रीय मूल्यांकन के अंतर्गत शिक्षक विश्वविद्यालय परिसर आकर शिक्षक परीक्षा की कापियों को जांचते थे. इसे लेकर शिक्षकों के सामने कई तरह की समस्याएं भी आ रही थीं, एक निर्धारित शेड्यूल में शिक्षक मूल्यांकन करते थे. अब केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था खत्म होने से शिक्षक उत्तर पुस्तिका को अपने घर ले जाकर भी जांच सकेंगे. हालांकि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में अभी भी केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था है. शासनादेश में अभी भी विश्वविद्यालयों में केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था जारी रखने के लिए कहा गया है.

ऑनलाइन भी देख सकेंगे एलयू का स्थापना दिवस

25 नवंबर को मनाया जाएगा 102वां स्थापना दिवस समारोह

LUCKNOW(19 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के 102वें स्थापना दिवस समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी. फेसबुक, यूट्यूब के जरिए इसके लिंक से जुड़कर देश-विदेश में बैठे पूर्व स्टूडेंट्स से लेकर सभी डिग्री कॉलेजों के शिक्षक व विद्यार्थी भी इसे देख सकेंगे. इसको लेकर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने तैयारी के लिए कहा है.

तेज हुईं तैयारियां

लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्थापना दिवस की तैयारी तेज हो गई है. कार्यक्रम को बेहतर तरीके से आयोजित करने के लिए बनी विभिन्न समितियों ने भी अपना काम शुरू कर दिया है. स्थापना दिवस पर कई पूर्व स्टूडेंट्स को भी आमंत्रित किया गया है. हालांकि इसकी संख्या सीमित है. ऐसे में स्थापना दिवस की देश-विदेश में बैठे पूर्व स्टूडेंट्स भी घर बैठे समारोह को वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देख सकेंगे. अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यू-ट्यूब, फेसबुक पर लाइव प्रसारण होगा.

नए रंग में नजर आएगा मालवीय सभागार

लखनऊ यूनिवर्सिटी के मालवीय सभागार का रंग-रोगन तेजी से चल रहा है. इसे पूरी तरह से वातानुकूलित एवं सुविधाओं से लैस कर दिया गया है. इसमें मूल डिजाइन को पूरी तरह से संरक्षित भी रखा गया है. स्थापना दिवस पर इसका शुभारंभ किया जाएगा. विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर अपने भवन को भव्य रूप से सजाएगा.

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू का दीक्षांत समारोह नए साल में, तैयारियां जारी

लखनऊ। एलयू सत्र 2021-22 का दीक्षांत समारोह नए साल में होगा। पहले दिसम्बर माह में दीक्षांत समारोह प्रस्तावित था लेकिन अब तय हो गया है कि दीक्षांत समारोह दिसम्बर में नहीं होगा। समारोह से जुड़ी तैयारियां जारी रहेंगी।

दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति और चक्रवर्ती पदक के साथ ही अन्य पदक विजेताओं के नाम को अन्तिम रूप दिया जा चुका है। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ये तय है कि दिसम्बर में दीक्षांत नहीं होगा। समारोह को भव्य रूप से आयोजित किया जाना है। तैयारियां जारी हैं और नए साल में आयोजन होगा। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के न्यू कैम्पस में समारोह की तैयारी चल रही है। अभी स्थापना दिवस होना है उसके बाद दीक्षांत की तैयारियां जोर पकड़ेंगी।

JAGRAN CITY PAGE III

घर बैठे देख सकेंगे लवि का स्थापना दिवस समारोह

25 को होगा आयोजन, कुलपति ने तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

लवि के मालवीय सभागार का रंग रोगन तेजी से चल रहा है। इसे पूरी तरह से वातानुकूलित एवं सुविधाओं से लैस कर दिया गया है। इसमें मूल डिजाइन को पूरी तरह से संरक्षित

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 102वें स्थापना दिवस समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी। फेसबुक, यूट्यूब के जरिए इसके लिंक से जुड़कर देश-विदेश में बैठे पूर्व छात्र-छात्राओं से लेकर सभी डिग्री कालेजों के शिक्षक व विद्यार्थी भी इसे देख सकेंगे। इसको लेकर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने तैयारी के लिए कहा है।

लवि में स्थापना दिवस की तैयारी तेज हो गई है। कार्यक्रम को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए बनी विभिन्न समितियों ने भी अपना काम शुरू कर दिया है। स्थापना दिवस पर कई पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि इसकी संख्या सीमित है। ऐसे में स्थापना दिवस की देश-विदेश में बैठे पूर्व छात्र-छात्राओं से लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देख सकेंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यू-ट्यूब, फेसबुक पर लाइव प्रसारण होगा, ताकि लोग घर बैठे भी इसे देख सकें। इसकी व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही मुख्य अतिथि का नाम भी तय हो जाएगा। इस बार समारोह में छह विशिष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही लवि की तीन सफल की उपलब्धियों पर रिपोर्ट जारी होगी।

एकेटीयू : दीक्षा समारोह में छात्राओं को मिलेंगे अधिक पदक : तकनीकी शिक्षा में भी छात्राओं की चमक बढ़ रही है। बीटेक के कोर ब्रांच में भी अंकों की दौड़ में छात्राएं आगे हैं। डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में 26 नवंबर को होने वाले दीक्षा समारोह में छात्राओं की उपस्थिति अधिक रहेगी। इस बार विश्वविद्यालय से जुड़े निजी तकनीकी कालेजों में 49 मेधावियों को पदक मिलेगा। इसमें 34 छात्राएं शामिल हैं। राजकीय कालेजों में कुल 41 छात्र- छात्राओं को पदक दिया जाएगा। इसमें 23 छात्राएं पदक पाएंगी। कुलपति डा. पवीन कुमार मिश्र का कहना है कि पहले तकनीकी शिक्षा में छात्राओं की संख्या कम रहती थी, लेकिन इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कोर्स में छात्राओं की संख्या बढ़ रही है। छात्राएं इसमें नेतृत्व भी कर रही हैं, इसका परिणाम है कि पदक की दौड़ में वह आगे निकल रही हैं।

नए रंग में नजर आएगा मालवीय सभागार

लवि के मालवीय सभागार का रंग-रोगन तेजी से चल रहा है। इसे पूरी तरह से वातानुकूलित एवं सुविधाओं से लैस कर दिया गया है। इसमें मूल डिजाइन को पूरी तरह से संरक्षित भी रखा गया है। स्थापना दिवस पर इसका शुभारंभ किया जाएगा। भव्य सजावट होगी। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर अपने भवन को भव्य रूप से सजाएगा।

छह घंटे बाद वेबसाइट पर जारी की पात्र अभ्यर्थियों की सूची

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची शनिवार शाम को वेबसाइट पर जारी की। इसे जारी करने में विश्वविद्यालय ने दोपहर 12 बजे का समय दिया था, लेकिन करीब छह घंटे बाद शाम को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इसको लेकर अभ्यर्थी इंतजार करते रहे। चयनित अभ्यर्थी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर सूची देख सकते हैं। उन्हें 26 नवंबर तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है।

दरअसल, लवि ने शुक्रवार को पार्ट टाइम पीएचडी के आठ विषयों में प्रवेश के लिए अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों के परिणाम जारी कर कहा था कि शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद अभ्यर्थी वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं, लेकिन यह सूची शाम छह बजे वेबसाइट पर जारी हो सकी। पार्ट टाइम पीएचडी के लिए एप्लाइड इकोनामिक्स विषय में पांच, बाटनी में तीन, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में तीन, कामर्स दो, साइकोलाजी एक और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में दो अभ्यर्थी दाखिले के लिए पात्र पाए गए। ला और फिजिक्स के चयनित अभ्यर्थियों की सूची रात आठ बजे जारी हो पाई। ला में छह फिजिक्स में सात अभ्यर्थी प्रवेश के लिए चयनित हुए। डीन एडमिशन प्रोफेसर वीके शर्मा का कहना है कि एजेंसी को सभी परिणाम का विवरण शुक्रवार को ही भेज दिया गया था। उन्हीं के स्तर से देरी हुई है।

विभागाध्यक्ष के कार्यालय जमा करनी होगी फीस रसीद : डीन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए चयनित पीएचडी अभ्यर्थियों को सबसे पहले फीस जमा करनी होगी। फिर आवंटन पत्र की फोटो कापी और फीस रसीद संबंधित विभागाध्यक्ष के कार्यालय में जमा करनी होगी।

विधि विश्वविद्यालय में अब शिक्षक अपने घर से कर सकेंगे मूल्यांकन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में मूल्यांकन की व्यवस्था बदल रही है। अब कुलपति ने केंद्रीय मूल्यांकन खत्म कर दिया है। पहले की तरह विश्वविद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर सकेंगे। यह बदलाव इस बार की चल रही परीक्षा के साथ किया जा रहा है।

अभी तक केंद्रीय मूल्यांकन के अंतर्गत शिक्षक विश्वविद्यालय परिसर आकर शिक्षक परीक्षा की कापियों को जांचते थे। इसे लेकर शिक्षकों के सामने कई तरह की समस्याएं भी आ रही थीं, एक निर्धारित शेड्यूल में शिक्षक मूल्यांकन करते थे। अब केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था खत्म होने से शिक्षक उत्तर पुस्तिका को अपने घर ले जाकर भी जांच सकेंगे। हालांकि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में अभी भी केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था है। शासनादेश में अभी भी विश्वविद्यालयों में केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था जारी रखने के लिए कहा गया है। विधि विश्वविद्यालय में कुलपति के निर्देश पर यह बदलाव किया गया है।

लवि : बीटेक प्रथम वर्ष में खाली सीटों पर प्रवेश का एक और मौका

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में संचालित बीटेक प्रथम वर्ष में कुछ ब्रांच में सीटें खाली हैं। इन्हें भरने के लिए संस्थान ने एक और मौका देते हुए अभ्यर्थियों को 22 नवंबर को बुलाया है। डीन की ओर से इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया।

इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह ने बताया कि सीधे प्रवेश के लिए 16 नवंबर को स्पाट काउंसिलिंग आयोजित की गई थी। उसमें मैकेनिकल व एक अन्य ब्रांच में कुछ सीटें खाली रह गई हैं। इन्हें भरने के लिए एक मौका दिया गया है। इसके अलावा बी फार्मा (लेटरल एंट्री) में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए आ सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने अभिलेखों, फाइनेंस अफसर लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम से 66,080 रुपये का बैंक ड्राफ्ट लेकर आना होगा। शनिवार को बीटेक एवं बी फार्मा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग हुई। डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि बीटेक की बची हुई चारों सीटें भर गईं।

ब्रांच बदलने का मौका 22 को : इंजीनियरिंग संकाय अपने यहां पढ़ने वाले बीटेक तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ब्रांच बदलने का मौका देगा। इसके लिए 18 नवंबर तक आवेदन लिए जा चुके हैं। डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि प्रथम वर्ष के कुछ छात्रों ने फीस नहीं जमा की थी। उन्हें सोमवार को जमा करने के लिए कहा है। 22 नवंबर को तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ब्रांच बदलने का अवसर दिया जाएगा।

TOI PAGES 1 & 3

In its 102nd yr, LU gets its 1st ever women's cricket team

Mohita.Tewari@timesgroup.com

V Sunil

The team will debut at the Inter-University North Zone Cricket Tournament on November 25

Lucknow: Hundred and two years after its foundation was laid, Lucknow University (LU) has formed its women's cricket team for the first time ever. A motley group of gritty girls, who will be debuting at the Inter-University North Zone Cricket Tournament to be held on November 25, may not realise they are already part of history.

Coinciding with LU's foundation day, the girls' team aims to win their debut 20-20 match against Dr Ram Manohar Lohia Avadh University, Faizabad, and later to bring the trophy home.

"In the past, LU had made several attempts to form a women's cricket team but there were not enough girls who came ahead to participate in the sports. At times even when the girls came forward, a number of them could not qualify for the trials," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

▶43 teams, P 3

LU team to compete against 43 teams in cricket tourney

▶Continued from P 1

Interestingly, Lucknow happens to be the cradle of women's cricket in India. Due to the efforts of Mahendra Kumar Sharma, the cricket administrator from Lucknow who passed away earlier this month, Women's Cricket Association of India (WCAI) was registered under the Societies Act in Lucknow in 1973. The move opened the floodgates for women's cricket in the country. WCAI remained in existence for the next 32 years until BCCI took over the operations of women's cricket in India in 2006.

V Sunil

PADDED UP FOR BIGGER INNINGS

Sharma is remembered by locals taking to the streets of Lucknow announcing over the microphone about the women's cricket matches and inviting people to come over and watch them.

Lucknow University Athletic Association chairman Prof Rupesh Kumar said, "Around 30 students from LU and affiliated colleges registered to be part of the team. Of these, 23 girl students were selected for the camp. Thereafter, several trials were conducted and then we finalized our team of 16 along with two reserve players." He said the LU team will be competing against 43 teams participating in the tournament that begins on November 25 and will end on December 5.

Most of the players come from humble backgrounds like team captain and opening batsman Sneh Prabha (21), a BEd (2nd year) student whose father is a farmer in Rae Bareli.

Vice-captain Prakrit Singh (18), a BA (first year) student from Varanasi, said, "I am an all-rounder. We have been practising for around 4-5 hours daily and are hopeful to lift the trophy."

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लखनऊ विश्वविद्यालय का 102वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को

स्वतंत्रभारत, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी 25 नवंबर को बनाए जाने वाले स्थापना दिवस समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी होगी। देश-विदेश में बैठे पूर्व छात्र भी समारोह को देख सकेंगे। इसको लेकर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने तैयारी के लिए कहा है। लवि में स्थापना दिवस की तैयारी तेज हो गई है। कार्यक्रम को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए आयोजन समिति, रिसेप्शन समिति, लॉ एंड आर्ड समिति, फूड समिति, पब्लिकेशन एंड इन्विटेशन समिति एवं कल्चरल समिति का गठन भी कर दिया गया। स्थापना दिवस पर कई पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि, देश-विदेश में बैठे पूर्व छात्र-छात्राएं भी घर बैठे समारोह को वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देख सकेंगे। इसकी व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही मुख्य अतिथि का नाम भी तय हो जाएगा। गौरतलब है कि इस बार समारोह में छह विशिष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। संग्रहालय में देखेंगे सैकड़ों साल पुरानी चीजें ~ लखनऊ विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिन के लिए आम लोगों के लिए खोला जाएगा। यहां जूलाजी, एंथ्रोपोलाजी, भू-गर्भ विज्ञान सहित कई जगह सबसे पुराने संग्रहालय हैं, जिसमें सैकड़ों साल पुराने हाथी के दांत से लेकर काफी चीजें हैं, जो आकर्षण का केंद्र हैं। टैगोर लाइब्रेरी में बनी राधा कलम मुखर्जी आर्ट गैलरी, कलाकृतियां, सोने के पानी से लिखी कुरान भी देखने को मिलेंगी। शहर का कोई भी व्यक्ति यहां आकर पुस्तकालय और संग्रहालय में रखी सैकड़ों साल पुरानी यूनिक चीजों को देख सकेगा। साथ ही विश्वविद्यालय के इतिहास से भी रूबरू होगा।